# फ्रैंकफर्ट पुस्तक मेले में साहित्य अकादमी भी होगी शामिल

**नई दिल्ली (एसएनबी)**। जर्मनी के फ्रैंकफर्ट शहर में आयोजित हो रहे दुनिया के सबसे बड़े पुस्तक मेले के 75वें संस्करण में साहित्य अकादमी भी भाग ले रही है। 16 से 20 अक्टूबर 2024 तक आयोजित इस पुस्तक मेले में दुनिया भर के 130 देशों के 17,000 से अधिक प्रकाशक, पुस्तक एजेंट, लेखक और अन्य अधिकारी आदि भाग ले रहे हैं। इस बात की जानकारी अकादमी ने आज एक बयान जारी कर दी। इंडियन पेवेलियन में भारत के 30 से ज्यादा सरकारी और निजी प्रकाशकों के स्टाल लगे हैं। यह पुस्तक मेला पुस्तक बेचने से ज्यादा पुस्तकों के विभिन्न अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में अनुवादों और कॉपीराइट अधिकारों की खरीद फरोख्त के लिए जाना जाता है।

साहित्य अकादमी ने अपने स्टाल पर यहां से प्रकाशित 100 से अधिक पुस्तकों के कॉपीराइट उपलब्ध कराए हैं, ताकि उनके अनुवाद अनेक विदेशी भाषाओं में शीघ्र और बिना किसी अड़चन के प्रकाशित हो सकें। यह जानकारी देते हुए साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बताया कि साहित्य अकादमी ने विभिन्न भारतीय भाषाओं के लेखकों की कुछ पुस्तकों के कॉपीराइट उपलब्ध कराए हैं, जिनमें बाल साहित्य भी शामिल है। आगे उन्होंने बताया कि इस बार साहित्य अकादमी वहां तीन कार्यक्रम भी आयोजित कर रही है, जिनमें 16 अक्टूबर को पैनल चर्चा 'लिटरेरी हेरिटेज ऑफ इंडिया' और 'लेखक से भेंट' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रख्यात मराठी लेखक विश्वास पाटिल से बातचीत होगी।

**■ अपने स्टाल पर सौ से ज्यादा पुस्तकों के कॉपीराइट उपलब्ध कराएगी साहित्य अकादमी**

पैनल चर्चा में आईसीएसएसआर के सदस्य सचिव धनंजय सिंह भी शामिल रहेंगे। 17 अक्टूबर को प्रख्यात हिंदी कवि बद्री नारायण के साथ 'लेखक से भेंट' कार्यक्रम आयोजित होगा।